डीजल शेड के सम्बन्ध में

डीजल शेड इज्जतनगर पूर्वोत्तर रेलवे, बरेली रेलवे स्टेशन से 8.0 किमी की दूरी पर स्थित है। यह हीजल शेड 1986–87 में बना और पूर्वोत्तर रेलवे के तत्कालीन महाप्रबन्धक श्री गौरीशंकर द्वारा दिनाँक 07.11.1988 को इसका उद्घाटन किया गया। प्रारम्भिक चरण में इसकी क्षमता 50 YDM 4 लोकोमोटिव के अनुरक्षण की थी। यह शेड मुख्यतः मेल/एक्सप्रेस तथा पैसेन्जर ट्रेनों के लिए लोकोमोटिव को पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर एवं लखनऊ डिवीजन जो कि पश्चिमी उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड तथा उत्तरप्रदेश के पूर्वी भाग तक फैला है, को अपनी सेवायें उपलब्ध कराता है। डीजल शेड की सर्वोच्च प्राथमिकता–'सुरक्षा और विश्वसनीयता' अनुरक्षण के द्वारा बनाये रखना है। अपनी गुणवत्ता का मानक बनाए रखने के लिये इस शेड को नवम्बर–2005 में सिओल, साउथ कोरिया द्वारा ISO-9001 से प्रमाणित किया गया।



डीजल शेड को डीजल लोकोमोटिव के अनुरक्षण के लिए अत्याधुनिक मशीनों तथा प्लांट से सुसज्जित किया गया है। लोकोमोटिव के लिए पुर्जो एवं अन्य सामानों की आपूर्ति हेतु शेड मे भंडार डिपो भी है। प्रदूषण मुक्त वातावरण को बनाये रखने के लिए शेड ने अपना एक इफ्लूयेंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) लगाया है। इस शेड के पर्यवेक्षकगण और कर्मचारीगण उच्च मनोबल के साथ एक टीम के रुप में कार्य करते हैं। डीजल शेड इज्जतनगर के विस्तार तथा 25 ब्राडगेज लोकोमोटिव के अनुरक्षण के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 8.28 करोड़ रुपए की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

डीजल शेड की अपनी एक स्वतंत्र आपातकालीन विद्युत आपूर्ति व्यवस्था है तथा विद्युत की बाधारहित आपूर्ति के लिए डीजल जेनरेटर सेट है।

डीजल शेड एक नजर में

स्थापना	– 07 नवम्बर 1988
पहले अनुरक्षित बी0जी0लोको का निर्गम	– 18 अगस्त 2010
वर्तमान नियंत्रण (क्षमता) एम0जी0	– 60 YDM 4 लोकोमोटिव
पैसेंजर लिंक लोको	– 47 YDM 4 लोकोमोटिव
वर्तमान नियंत्रण (क्षमता)*(बी0जी0)*	– 21 WDM_{3D} लोकोमोटिव
मानक	– ISO-9001
शेड की कवर्ड एरिया	– 4320 वर्ग मी.
शेड का कुल क्षेत्रफल	– 43006 वर्ग मी. लगभग

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

विशेष मशीनें

लोड बाक्स का कम्प्यूटरीकृत

कम्प्यूटरीकृत लोड बाक्स की मुख्य विशेषता, टेस्टिंग के दौरान कम्प्यूटर स्क्रीन पर V-1 अभिलक्षण का प्रदर्शन है। इसके कम्प्यूटर स्क्रीन पर हम स्वतः मापी गई माप तथा गणनाओं को भी देख सकते हैं और इसके माप तथा गणनाओं का डाटा स्वतः ही कम्प्यूटर की हार्ड डिस्क में स्टोर हो जाता है।

पिट व्हील लेथ मशीन (एम.जी. एवं बी.जी.)

यह मशीन एम.जी./बी.जी. लोकोमोटिव ,कोचेज आदि के पहियों की टर्निगं एवं रि–प्रोफाइलिंग के लिए प्रयोग की जाती है। इस मशीन से 110 Kg/mm^2 टेंसाईल स्ट्रेन्थ तक के पहियों को टर्न किया जा सकता है। यह मशीन सेमी ऑटोमेटिक मशीन है जिसमें व्हील के कट, प्रोफाईल आदि को मैनुअली फीड किया जाता है।



This document was created using SmartPDF Creator
Smart PDF Creator
Message: purchase the SmartPDFCreator.com

इफ्लूऐंट ट्रीटमेंट प्लाण्ट

वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए दिसम्बर–2006 में ई.टी.पी. का निर्माण कराया गया। डीजल शेड से उत्सर्जित अपगामी तत्वों को इस प्लाण्ट से गुजारा जाता है, जिससे प्रदूषण मुक्त जल प्राप्त किया जाता है, जो पीने योग्य न होकर भी बागवानी तथा आग बुझाने आदि के प्रयोग में लाया जाता है। इस प्लाण्ट की लागत को इफ्लूऐंट में से तेल को अलग कर भण्डार विभाग को भेजकर पूरा किया जाता है।



This document is created using
To remove this
product at www.

मुख्य विषेषताऐं:

- वर्ष 2008–09 से लगातार 03 वर्शो तक डीजल शेड इज्जतनगर को पूर्वोत्तर रेलवे का सर्वोत्तम व्यवस्थित डीजल शेड घोषित किया जा रहा है।



- शेड द्वारा समय–समय पर लोको पी.ओ.एच. कारखाने एवं डीजल षेड छपरा कचहरी को भी कल पुर्जों की ओवरहॉलिंग करके सहायता दी जाती है।
- डीजल शेड इज्जतनगर में 225 KL का RDI स्थित है।
- डीजल शेड में स्वच्छता एवं पर्यावरण की ओर ध्यान दिया जाता है। इसी क्रम में शेड में ई. टी.पी. पिछले 03 वर्शो से कार्य कर रहा है।
- डीजल शेड की अपनी एक स्वतंत्र आपातकालीन विद्युत आपूर्ति व्यवस्था है तथा विद्युत की बाधारहित आपूर्ति के लिए डीजल जेनरेटर सेट है।

This document is created using Smart PDF Creator. To remove this message purchase product at www.SmartPDFCreator.com

प्रगति के नए आयाम:

- डीज़ल शेड, इज्जतनगर में बड़ी लाइन के 25 लोको मोटिव के अनुरक्षण हेतु सुविधाऐं सृजित करने हेतु पी.डब्लू.पी. 2006–07 के अर्न्तगत 8.28 करोड़ की स्वीकृति है। जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

- डीजल शेड इज्जतनगर को पहला ब्राड गेज WDM3D लोकोमोटिव दिनांक 30 मार्च 2010 को डी.एल.डब्लू. वाराणसी द्वारा अनुरक्षण हेतु आवंटित किया गया। वर्तमान में 16 बी0जी0 लोकोमोटिव का अनुरक्षण कार्य डीजल शेड इज्जतनगर को दिया गया है। एवं पहला अनुरक्षित ब्राड गेज WDM3D लोकोमोटिव संख्या 11329, दिनांक 18 अगस्त 2010 को डीजल शेड इज्जतनगर से पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय के मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/गोरखपुर श्री आर0 पी0 सिंह द्वारा एवं मण्डल रेल प्रबन्धक श्री के0 बी0 नन्दा की उपस्थिति में आउट किया गया।



- डीजल शेड इज्जतनगर द्वारा शेड में 50 बी0जी0 लोको के अनुरक्षण हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है।
- रेलवे बोर्ड स्तर का राजभाषा पुरस्कार डीजल शेड इज्जतनगर के सहायक मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/डीजल श्री डी0 सी0 पाण्डेय को वर्ष 2010 में प्रदान किया गया।
- डीज़ल शेड, इज्जतनगर को राइट्स एक्सपोर्ट डिवीजन द्वारा तंज़ानिया को 5 लोको पी.ओ.एच. करके जनवरी 2008 में निर्यात किये गये।



This document is created using
To remove this
product at www.

- Dual Gauge Wheel Pit Lathe Machine: डीजल शेड इज्जतनगर में दिनांक 22.11.2008 को स्थापित नयी पिट व्हील लेथ मशीन द्वारा लोको का टायर टर्निंग किया जा रहा है।



कर्मचारी प्रोत्साहन योजना:

- कार्य के प्रति उत्साह बनाए रखने हेतु तथा कर्मचारियों को अच्छे कार्य के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक माह शेड के सर्वोत्तम कर्मचारी का चयन एक समिति द्वारा करके, नगद पुरस्कार देकर सर्वोत्तम कर्मचारी को सम्मानित किया जाता है।
- शेड के कर्मचारियों को आपात स्थिति में आवश्यकता हेतु उनके ब्लड ग्रुप की जॉच करवा कर उनको ब्लड ग्रुप बताया गया है।

This document is Smart PDF Processing
To remove this message please purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

कार्यालय दूरभाष

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर (डीजल)	0581–2462523,मोबाइल–97605414401 टेली/फैक्स 0581–2410175
वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक (डिपो)	0581–2462529,मोबाइल–9760541406, टेली/फैक्स 0581–2410132
सहायक मण्डल यांत्रिक इंजीनियर–I(डीजल)	0581–2462527,मोबाइल–9760541404, टेली/फैक्स 0581–2410703
सहायक मण्डल यांत्रिक इंजीनियर–II(डीजल)	0581–2462525, टेली/फैक्स 0581–2410397
वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर(सामान्य)	0581–2462592,मोबाइल–9760541424 टेली/फैक्स 0581–2515516
शेड कंट्रोल	0581–2462576, 2462580

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com